बरेली, गुरुवार
10 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV BOTTOM

# बासुबरल सरस्वती ने 37 और मुकुंद इंटरनेशनल ने 62 रन से दर्ज की जीत

**उद्घाटन मैच में बासुबरल ने बनाए 54 रन और पीएमश्री केवी एनईआर 17 रन पर हो गई ढेर**

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का बुधवार को शानदार आगाज हुआ। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट के पहले मैच में बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पीएम श्री केवी एनईआर को 37 रन से पराजित किया। दूसरे मैच में मुकुंद इंटरनेशनल ने जीडी गोयनका को और 62 रन से हराया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी एवं बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति और इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बरेली के प्रेसिडेंट निर्भय सिंह बेनीवाल व अन्य ने किया।

पहले मैच में बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पीएम श्री केवी एनईआर के गेंदबाजों के आगे बासुबरल के सभी बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। पूरी टीम 12.4 ओवर में 54 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शाहिद सैफी ने नाबाद रहते हुए 13 गेंदों पर 12 रन बनाए। अतिरिक्त के रूप में बासुबरल को 10 रन मिले। पीएम श्री केवी एनईआर के लिए आयुष गंगवार ने 13 रन देकर छह विकेट हासिल किए। जवाब में पीएम श्री केवी एनईआर के बल्लेबाजों को बासुबरल के गेंदबाजों ने सोचने का भी मौका नहीं दिया। पूरी टीम सात ओवर में मात्र 17 रन पर ढेर हो गई। सात रन अतिरिक्त के रूप में मिले। कप्तान आर्यन एक चौके की मदद से छह रन बनाकर दूसरे स्थान पर रहे। बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप ने चार ओवर में 13 रन देकर चार विकेट और विक्की धुसा ने तीन ओवर में चार रन देकर तीन विकेट हासिल किया। विक्की को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में जीडी गोयनका के कप्तान फागुन शर्मा ने टास जीतकर मुकुंद इंटरनेशनल को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। कप्तान फैजान रजा के 60 रन और प्रेम के 42 रन की बदौलत मुकुंद इंटरनेशनल ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन बनाए। जीडी गोयनका ने 37 अतिरिक्त रन दिया। जवाब में जीडी गोयनका की शुरुआत भी संतोषजनक नहीं रही। ओपनर मानव पहले ही ओवर में एक चौका लगाकर कैच आउट हो गए। दूसरे ओवर में दूसरा विकेट भी 11 रन पर गिर गया। छह ओवर में 34 रन पर आधी टीम आउट हो चुकी थी। इसके बाद के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन जीडी गोयनका निर्धारित 20 ओवर में टीम आठ विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। शब्बर रिजवी ने 12 रन और शिवम गोयल, 25 रन और दक्ष महेश्वरी ने 20 रन बनाए। मुकुंद इंटरनेशनल के कप्तान फैजान रजा को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान सेक्रेटरी अंकित बागा, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल व टूर्नामेंट के आर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डा. प्रभाकर गुप्ता, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सोवन मोहंती, जीके मांटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल डा. नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में इंटर स्कूल टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी • सौ.




मुकुंद इंटरनेशनल के कप्तान फैजान राजा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला • सौ.

### टूर्नामेंट में आज के मैच

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में 10 अप्रैल को ग्रुप ए में सुबह आठ बजे हांडा पब्लिक स्कूल और एसआर इंटरनेशनल स्कूल के बीच मैच होगा। ग्रुप बी में दोपहर बारह बजे जेपीएम स्कूल बनाम सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच होगा खेल होगा।